### हितग्राहियों को 47 करोड़ रुपए के वित्त लाभ प्रदान किए गए

# रोजगार मेले में 12 हजार से ज्यादा युवा रोजगार से जुड़े

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

रतलाम जिले के लिए 12 जनवरी का दिन स्वर्णिम रहा। शहर में रोजगार मेला आयोजित हुआ। मेले में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के तहत शासन की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से बड़ी मात्रा में वित्त लाभ हितग्राहियों को प्रदान किए गए। स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के अवसर पर आयोजित रोजगार दिवस पर जिले के 12 हजार 840 हितग्राही लाभान्वित हुए जिन्हें 47 करोड़ रूपए के वित्त लाभ प्रदान किए गए। बरबड विधायक सभागृह पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक शहर चेतन्य काश्यप, विधायक जावरा डॉ. राजेंद्र पाण्डेय, विधायक ग्रामीण दिलीप मकवाना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिडे, निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया आदि अधिकारी तथा हितग्राही उपस्थित थे।

रोजगार दिवस के अवसर पर जिले के स्वयं सहायता समूहों के 8 हजार सदस्यों को 6 करोड़ 6 लाख रुपए की ऋण सहायता रोजगार के लिए उपलब्ध कराई गई। प्रधानमंत्री ग्राम सृजन योजना अंतर्गत 97 युवाओं को 14 करो? 50 लाख रूपए वितरित किए गए। प्रधानमंत्री स्वनिधि में 2001 हितग्राहियों को 2 करोड़ 18 लाख रुपए की ऋण सहायता वितरित की गई। इनमें बगैर ब्याज के 10 हजार तथा 20 हजार रूपए के ऋण सम्मिलित है।





रोजगार दिवस में मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना के 985 हितग्राहियों को 98 लाख 50 हजार रुपए की ऋण सहायता वितरित की गई। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत 440 महिलाओं को तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 7672 महिलाओं को लाभान्वित किया गया।

शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं में 165 हितग्राहियों को 2 करोड़ 88 लाख रुपए की ऋण सहायता दी गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना अंतर्गत 02 हितग्राहियों को ऋण के माध्यम से क्रय वाहन प्रदान किए गए। कृषि अधोसंरचना में भी वितरण किया गया। इसके तहत 60 हितग्राहियों को 12 करोड रूपए की सहायता दी गई। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में 30 हितग्राहियों को 30 लाख रुपए का वितरण किया गया। इसके अलावा उद्यानिकी, मत्स्य, पशु चिकित्सा सेवाओं विभागों के भी लाभ वितरण किए गए। कार्यक्रम में किसान क्रेडिट कार्ड का भी वितरण किया गया।

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा पूरी संवेदनशीलता के साथ सभी वर्गों के विकास के लिए योजनाएं संचालित की जा रही है। विधायक डा.पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि हम आत्मनिर्भर और स्वर्णिम मध्यप्रदेश की ओर बढ़ रहे हैं, इसमें सबकी सहभागिता है। विधायक ग्रामीण दिलीप मकवाना ने अपने संबोधन में कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की अवधारणा के तहत रोजगार मेले का आयोजन युवाओं को रोजगार स्वरोजगार की दिशा में अग्रणी करेगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिला तेजी से रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। 47 करोड़ रूपए के ऋण तथा अन्य लाभ विभिन्न योजनाओं में प्रदान किए गए हैं। प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन देते हुए जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दिलीप सेठिया ने रोजगार मेला आयोजन के उद्देश्य तथा योजनाओं में वितरण की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन आशीष दशोत्तर ने किया।

राज एक्सप्रेस 13/1/22

# रोजगार दिवस पर 12 हजार से ज्यादा युवा रोजगार से जुड़े

रतलाम। जिले के लिए 12 जनवरी का दिन स्वर्णिम रहा। शहर में रोजगार मेला आयोजित हुआ। मेले में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के तहत शासन की कल्याणकारी

## ▸ हितग्राहियों को 47 करोड़ रूपए के वित्त लाभ प्रदान किए गए

योजनाओं के माध्यम से बड़ी मात्रा में वित्त लाभ हितग्राहियों को प्रदान किए गए। स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के अवसर पर आयोजित रोजगार दिवस पर जिले के 12 हजार 840 हितग्राही लाभान्वित हुए जिन्हें 47 करोड़ रूपए के वित्त लाभ प्रदान किए गए।

बरवड विधायक सभागृह पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक



शहर चेतन्य काश्यप, विधायक जावरा डॉ. राजेंद्र पाण्डेय, विधायक ग्रामीण दिलीप मकवाना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिडे, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया आदि अधिकारी तथा हितग्राही उपस्थित थे।

रोजगार दिवस के अवसर पर जिले के स्वयं सहायता समूहों के 8 हजार सदस्यों को 6 करोड़ 6 लाख रुपए की ऋण सहायता रोजगार के लिए उपलब्ध कराई गई। प्रधानमंत्री ग्राम सृजन योजना अंतर्गत 97 युवाओं को 14 करोड़ 50 लाख रूपए वितरित किए गए। प्रधानमंत्री स्वनिधि में 2001 हितग्राहियों को 2 करोड़ 18 लाख रुपए की ऋण सहायता वितरित की गई। इनमें बगैर ब्याज के 10 हजार तथा 20 हजार रूपए के ऋण सम्मिलित है। रोजगार दिवस में मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना के 985 हितग्राहियों को 98 लाख 50 हजार रुपए की ऋण सहायता वितरित की गई। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत 440 महिलाओं को तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 7672 महिलाओं को लाभान्वित किया गया। शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं में 165 हितग्राहियों को 2 करोड़ 88 लाख रुपए की ऋण सहायता दी गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना अंतर्गत 02 हितग्राहियों को ऋण के माध्यम से क्रय वाहन प्रदान किए गए। कृषि अधोसंरचना में भी वितरण किया गया। इसके तहत 60 हितग्राहियों को 12 करोड रूपए की सहायता दी गई। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में 30 हितग्राहियों को 30 लाख रुपए का वितरण किया गया। इसके अलावा उद्यानिकी, मत्स्य, पशु चिकित्सा सेवाओं विभागों के भी लाभ वितरण किए गए। कार्यक्रम में किसान क्रेडिट कार्ड का भी वितरण किया गया। प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन देते हुए जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दिलीप सेठिया ने रोजगार मेला आयोजन के उद्देश्य तथा योजनाओं में वितरण की विस्तृत जानकारी प्रदान की। संचालन आशीष दशोत्तर ने किया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक उद्योग मुकेश शर्मा, जिला आपूर्ति अधिकारी एसएच चौधरी, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अरुण पाठक, एनआरएलएम जिला समन्वयक हिमांशु शुक्ला, उप संचालक उद्यानिकी पीएस कनेल, सहायक आपूर्ति अधिकारी उमेश पांडे, नगर निगम कार्यपालन यंत्री सुरेश व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री श्री आचार्य आदि उपस्थित थे।

नवभारत

नवभारत 13/1/22

# 12 हजार से ज्यादा युवा रोजगार से जुड़े, रोजगार दिवस आयोजित, हितग्राहियों को 47 करोड़ रूपए के वित्त लाभ प्रदान किए गए

केवल स्वयं लाभान्वित होता है बल्कि दूसरों को भी रोजगार देकर खुशहाल बनाता है।

विधायक डा. पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि हम आत्मनिर्भर और स्वर्णिम मध्यप्रदेश की ओर बढ़ रहे हैं, इसमें सबकी सहभागिता है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान लगातार स्वर्णिम तथा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए कार्य कर रहे हैं। इसका सुपरिणाम कई क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। आज मध्यप्रदेश ऊर्जा उत्पादन में इतना अग्रणी हो गया है कि दूसरे राज्यों को भी बिजली आपूर्ति करने में सक्षम है। मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना छोटे धंधे, रोजगार करने वाले बंधुओं के लिए वरदान साबित हो रही है। मध्यप्रदेश में सर्वांगीण विकास को गति दी गई है।

विधायक ग्रामीण दिलीप मकवाना ने अपने संबोधन में कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की अवधारणा के तहत रोजगार मेले का आयोजन युवाओं को रोजगार स्वरोजगार की दिशा में अग्रणी करेगा। श्री मकवाना ने आग्रह किया कि युवा उद्यमी बने और दूसरों को भी रोजगार देने में सक्षम बने। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिला तेजी से रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। 47 करोड़ रूपए के ऋण तथा अन्य लाभ विभिन्न योजनाओं में प्रदान किए गए है। निश्चित रूप से भविष्य में भी हम अधिकाधिक रूप से रोजगार का सृजन करेंगे। प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन देते हुए जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री दिलीप सेठिया ने रोजगार मेला आयोजन के उद्देश्य तथा योजनाओं में वितरण की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन आशीष दशोत्तर ने किया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक उद्योग मुकेश शर्मा, जिला आपूर्ति अधिकारी एस.एच. चौधरी, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अरुण पाठक, एनआरएलएम जिला समन्वयक हिमांशु शुक्ला, उप संचालक उद्यानिकी पी.एस. कनेल, सहायक आपूर्ति अधिकारी उमेश पांडे, नगर निगम कार्यपालन यंत्री सुरेश व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री आचार्य आदि उपस्थित थे।

इन्दौर

इन्दौर समाचार 13/1/22

**रोजगार मेला** **12840 हितग्राहियों को 47 करोड़ रुपये का वित्त लाभ दिया**

# युवा उद्यमी बनकर आगे बढ़ें, दूसरों को भी रोजगार दें : विधायक

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। बरबड़ स्थित विधायक सभागार में स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के अवसर पर आयोजित रोजगार मेले में जिले के 12 हजार 840 हितग्राहियों को 47 करोड़ रुपये के वित्त लाभ दिए गए। रोजगार दिवस पर जिले के स्वयं सहायता समूहों के आठ हजार सदस्यों को 6.6 करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री ग्राम सृजन योजना अंतर्गत 97 युवाओं को 14.50 करोड़ रुपये, प्रधानमंत्री स्वनिधि में 2001 हितग्राहियों को 2.18 करोड़ रुपये की ऋण सहायता वितरित की गई। इनमें बगैर ब्याज के 10 हजार तथा 20 हजार रुपये के ऋण शामिल हैं।

रोजगार दिवस में मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना के 985 हितग्राहियों को 98.50 लाख रुपये की ऋण सहायता वितरित की गई। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत 440 महिलाओं को तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 7672 महिलाओं को लाभान्वित किया गया। स्वरोजगार योजनाओं में 165 हितग्राहियों को 2.88 करोड़ रुपये की ऋण सहायता दी गई।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना अंतर्गत दो हितग्राहियों को ऋण के माध्यम से क्रय वाहन प्रदान किए गए। कृषि अधोसंरचना 60 हितग्राहियों को 12 करोड़ रुपये की सहायता दी गई। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में 30 हितग्राहियों को 30 लाख रुपये का वितरण किया गया। उद्यानिकी, मत्स्य, पशु चिकित्सा सेवाओं विभागों के लाभ वितरण किए गए। कार्यक्रम में किसान क्रेडिट कार्ड का भी वितरण किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि आज आम आदमी की पहुंच बैंक, बीमा सेवाओं तक शासन के प्रयासों से हो गई है जो उनके जीवन में खुशहाली ला रही है। युवा अपने व्यवसाय को उन्नत करें, उद्यमी बनकर दूसरों को भी रोजगार दें। विधायक डा. राजेंद्र पांडेय ने कहा कि हम आत्मनिर्भर और स्वर्णिम मध्यप्रदेश की ओर बढ़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना छोटे धंधे, रोजगार करने वाले बंधुओं के लिए वरदान साबित हो रही है। विधायक ग्रामीण दिलीप मकवाना ने कहा कि रोजगार मेले का आयोजन युवाओं को रोजगार स्वरोजगार की दिशा में अग्रणी करेगा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि जिला तेजी से रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। स्वागत संबोधन जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दिलीप सेठिया ने दिया। संचालन आशीष दशोत्तर ने किया।



हितग्राही को वाहन की चाबी प्रदान करते विधायक चेतन्य काश्यप, राजेंद्र पांडे • नईदुनिया

नईदुनिया 13/1/22

## दो कबाड़ा व्यवसायियों से कबाड़ा हटाने की निगम की राशि वसूल

रतलाम। नगर निगम द्वारा नगरीय क्षेत्र में संचालित ज्वलनशील पदार्थ व कबाड़ सेंटर हटाये जाने हेतु निगम द्वारा संबंधितों को नोटिस जारी किये जाने के उपरान्त भी ऐसे कबाड़ा व्यवसायी जिन्होंने अपने गोडाउन स्वयं नहीं हटाये जाने पर नगर निगम द्वारा हटाया गया, उनसे हटाये जाने की राशि जमा कराये जाने हेतु नगर निगम द्वारा नोटिस जारी किया गया तद्उपरान्त भी राशि जमा नहीं कराने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार हाट रोड क्षेत्र में दिनेश-लक्ष्मीनारायण सांलकी से 30,000/- व नाहरपुरा क्षेत्र में गणपत से 5000/- की राशि वसूल की गई।

### 2400.00 वर्गफीट से अधिक की भवन निर्माण अनुमति हेतु नजूल की एनओसी अनिवार्य

रतलाम। मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 व नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय के परिपत्र में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार नगरीय क्षेत्र रतलाम में 2400.00 वर्गफीट से अधिक की भवन निर्माण हेतु नजूल विभाग की अनापत्ति (एनओसी) प्राप्त किये जाने के उपरांत ही नगर निगम द्वारा भवन निर्माण अनुमति नियमानुसार प्रदान की जावेगी। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि रतलाम नगरीय क्षेत्र में रतलाम विकास प्राधिकरण, मध्यप्रदेष गृह निर्माण एवं अधोसंरचना मंडल रतलाम की कालोनियां तथा नगर तथा ग्राम निवेष विभाग रतलाम से स्वीकृत/अनुमोदित कालोनियों को छोड़कर नगरीय क्षेत्र रतलाम में 2400.00 वर्गफीटर से अधिक की भवन निर्माण अनुमति हेतु नजूल विभाग की अनापत्ति (एनओसी) को अनिवार्य किया गया है तद् उपरान्त ही नगर निगम द्वारा भवन निर्माण अनुमति नियमानुसार प्रदान की जावेगी। नागरिक भवन निर्माण अनुमति हेतु नजूल विभाग की अनापत्ति (एनओसी) प्राप्त करें।

प्रसारण 13/1/22

## दो कबाड़ा व्यवसायियों से कबाड़ा हटाने की राशि वसूली

रतलाम। नगर निगम द्वारा नगरीय क्षेत्र में संचालित ज्वलनशील पदार्थ व कबाड़ सेंटर हटाये जाने के लिए निगम द्वारा नोटिस जारी करने के बाद भी कबाड़ नहीं हटाने पर निगम अमले ने कार्रवाई कर कबाड़ हटाया था। अब नगर निगम द्वारा नोटिस जारी कार्रवाई में लगे अमले व खर्च को लेकर हाट रोड क्षेत्र में दिनेश-लक्ष्मीनारायण सांलकी से 30000 व नाहरपुरा क्षेत्र में गणपत से 5000 रुपये की राशि वसूल की।

### 80 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। बुधवार को 80 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 29635, ट्रैक्टर-ट्राली से 13645, काम्पेक्टर सूखा कचरा 18320, काम्पेक्टर गीला कचरा 19090 कुल 80690 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

## रात्रिकालीन सफाई में अनुपस्थित 23 सफाई मित्रों का एक दिन का वेतन काटा

रतलाम। शहर में प्रमुख सड़कों, व्यावसायिक क्षेत्र, प्रमुख चौराहे, उद्यान आदि की रात्रिकालिन सफाई में नियुक्त 100 सफाई मित्रों में से 16 मंगलवार को बिना सूचना के अनुपस्थित रहे। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अनुपस्थित सफाई मित्र अमित-बालकिशन, रवि-उंकारलाल, महेंद्र-अशक, शंकर-पूनमचंद्र, राजेश-मोहनलाल, शंकर-अशोक, मिथुन-जगदीश, रवि-शंकर, विकास-किशोर, विशाल-कैलाश, गिरीश-ओमप्रकाश, अमन-रमेश, मंगल-बाबूलाल, मोहित-प्रभुदयाल, सत्री-मुकेश, संजय-सोहन, विजय-सुरेश, संतोष-प्रभुदयाल, रामजीलाल-किशन, संजय-रमेश डिंडोरे, राहुल-राकेश, आनंद-बाबूलाल व संजय-साजन का एक दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त करने का नोटिस जारी किया गया है। बिना सूचना के लगातार तीन दिन अनुपस्थित रहने वाले सफाई मित्रों को सेवा से बर्खास्त किया जाएगा।

नईदुनिया 13/1/22

# अनुपस्थित 16 सफाई मित्रों का एक दिवस का वेतन काटा

### बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारी होंगे बर्खास्त

रतलाम ● स्वदेश समाचार

शहर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु नगर की 4 व 2 लेन सड़क, मुख्य सड़कें, व्यावसायिक क्षेत्र, प्रमुख चौराहे, उद्यान आदि की रात्रीकालिन सफाई हेतु नियुक्त 100 सफाई मित्रों में से 16 सफाई मित्रो द्वारा सोमवार को बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने पर एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। बिना सूचना के लगातार तीन दिवस अनुपस्थित रहने वाले सफाई मित्रों को सेवा से बर्खास्त किया जायेगा।

स्वदेश 13/1/22

## 7019 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन

रतलाम। शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर व वार्डवार बनाए गए केंद्रों पर किया जा रहा है। बुधवार तक 7019 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है।

नईदुनिया 13/1/22

**युवा दिवस** • विवेकानंद जयंती पर बरबड़ विधायक सभागृह में लगा रोजगार मेला

# खुद का रोजगार शुरू करने 12840 युवाओं को मिला 47 करोड़ का लोन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नए साल में खुद का रोजगार शुरू करके जिले के 12840 युवा आत्मनिर्भर बन जाएंगे। इसके लिए बुधवार को सारे युवाओं को विभिन्न सरकारी योजना में आर्थिक सहायता दी है। अवसर था स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस पर बुधवार को बरबड़ विधायक सभागृह में लगे रोजगार मेले का।

मुख्य अतिथि विधायक चेतन्य काश्यप, जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडे रहे। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, जिला पंचायत सीईओ जमुना भिड़े, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया आदि मंचासीन रहे। प्रारंभ में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दिलीप सेठिया ने रोजगार मेला की रूपरेखा बताई। संचालन आशीष दशोत्तर ने किया। महाप्रबंधक उद्योग मुकेश शर्मा, जिला आपूर्ति अधिकारी एसएच चौधरी, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अरुण पाठक, एनआरएलएम जिला समन्वयक हिमांशु शुक्ला, उप संचालक उद्यानिकी पीएस कनेल, नगर निगम कार्यपालन यंत्री सुरेश व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी आदि मौजूद रहे।



मेले में मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना में आडवानिया के अर्जुन मोहनलाल को 2 मीट्रिक टन क्षमता और बाजना विकासखंड के ग्राम ठिकरिया के कैलाश खराड़ी को एक मीट्रिक टन क्षमता वाहन की चाबी दी।

## युवा दिवस पर शहर में हुए अनेक कार्यक्रम

- वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ ने स्टेशन परिसर स्थित कार्यालय में स्वामी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मंडल मंत्री अभिलाष नागर ने संगठन को मजबूत करने में युवाओं की महत्ता बताई। चंपालाल गढ़वानी, गौरव दुबे, विकास बडोले, राजेंद्र चौधरी, गौरव ठाकुर, गौरव संत आदि मौजूद रहे।
- वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन ने भी युवा दिवस मनाया। यूनियन कार्यालय में हुए कार्यक्रम में श्रम संगठन एवं सीटू अध्यक्ष अश्विनी शर्मा मुख्य अतिथि रहे। मंडल मंत्री मनोहर बारोठ, रोहित देशबंधु, गोरव सांगते, शैलेश तिवारी, हरीश चांदवानी ने संबोधित किया। आभार नरेंद्र सिंह सोलंकी ने माना।

### किस योजना में कितनी आर्थिक सहायता दी

- स्वयं सहायता समूहों के 8 हजार सदस्यों को 6.06 करोड़ रुपए
- प्रधानमंत्री ग्राम सृजन योजना में 97 युवाओं को 14.50 करोड़ रुपए
- प्रधानमंत्री स्वनिधि में 2001 हितग्राहियों को 2.18 करोड़ रुपए
- मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना के 985 हितग्राहियों को 98.50 लाख रुपए
- सरकारी स्वरोजगार योजनाओं में 165 हितग्राहियों को 2.88 करोड़ रुपए
- मुख्यमंत्री राशन-आपके द्वार योजना में 2 हितग्राहियों को ऋण के माध्यम से वाहन मिले।
- कृषि अधोसंरचना में 60 हितग्राहियों को 12 करोड़ रुपए
- प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में 30 हितग्राहियों को 30 लाख रुपए
- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन में 440 महिला तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 7672 महिलाएं लाभांवित हुईं।

भास्कर

दे. भास्कर 13/1/22

# वसूली शिविर हाटरोड पर

**रतलाम, नप्र।** नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम से संबंधित करों की वसूली के लिए नगर निगम के वार्डवार शिविर लग रहे है। कस्तुरबानगर के बाद आज से यह शिविर हाटरोड स्थित माताजी मंदिर पर लग रहा है। वार्ड 46, 47 व 48 के लिए नागरिक शिविर में संपत्तिकर, जलकर, दुकान, गुमटी किराया, लायसेंस शुल्क एवं विकास शाखा से संबंधित भवन की किश्त तथा भू-भाटक की बकाया राशि जमा करा सकेंगे। कस्तुरबानगर में लगे शिविर में लोगों ने आठ लाख 61 हजार 206 रुपए का संपत्तिकर जमा कराने के साथ ही जलकर में 1 लाख 21 हजार नब्बे रुपए जमा कराए है। बकाया वसूली शिविर के साथ ही नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने जलकर की बकाया वसूली तथा अवैध कनेक्शन का पता लगाने के लिए टीम बनाकर अधिकारियों को जवाबदारी है। जिसके चलते टीम ने विभिन्न वार्डों में नागरिकों से जलकर की डायरी देखकर जलकर में 51 हजार 520 की राशि वसूली है।कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख के निर्देश में उपयंत्री सुहास पंडित, भैय्यालाल चौधरी, केमिस्ट नीरज यादव व जितेन्द्र सिसोदिया लगातार जलकर वसूलने और अवैध कनेक्शन की जांच में लगे है। प्र.कि/१२

प्रभातकिरण। १२/१/२२

**पेरशानी** • शहर के कई क्षेत्रों में मनमाने तरीके से सीमेंट के स्पीड ब्रेकर बना दिए, मुख्य सड़कों पर लगाए ब्रेकर भी निकलना हुए शुरू

# बिना किसी मापदंड और अनुमति के बना दिए, स्पीड ब्रेकर

### मोहल्लेवासी अपने हिसाब से बना लेते हैं ब्रेकर

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर की कई कॉलोनियों में बगैर मापदंड और बगैर अनुमति के मनमाने तरीके से स्पीड ब्रेकर बना दिए हैं। नतीजतन वाहन चालकों की दिक्कत बढ़ गई है और वाहन चालक गिर रहे है। ब्राह्मणों का वास, हाट रोड सहित अन्य कॉलोनियों में यही स्थिति है और मनमाने ढंग से सीमेंट के स्पीड ब्रेकर बना दिए हैं। इससे रोजाना दुर्घटना हो रही है, जबकि नियम के अनुसार स्पीड ब्रेकर बनाए जाते तो यह स्थिति नहीं बनती।

### विरियाखेड़ी में भी स्पीड ब्रेकर बनना शुरू

दो दिन पहले विरियाखेड़ी में नगर निगम के कचरा वाहन की टक्कर से एक युवती की मौत हो गई थी। लोगों ने चक्काजाम किया था। इस पर नगर निगम द्वारा यहां स्पीड ब्रेकर बनाए जा रहे हैं। ताकि स्पीड कंट्रोल में रहे। इसकी शुरुआत हो गई है।

### इधर मुख्य सड़कों पर लगाए रबर स्ट्रीप के ब्रेकर निकले, कीलें रह गईं

दुर्घटना को देखते हुए पॉवर हाउस रोड और न्यू रोड पर रबर स्ट्रीप के स्पीड ब्रेकर लगाए थे। अब ये उखड़ने लगे हैं। सड़कों पर सिर्फ कीलें बची हैं जो वाहन चालकों की मुसीबत बन गई हैं।

### सीमेंट के अमानक ब्रेकर से गिरकर घायल हो जाते हैं वाहन चालक



ब्राह्मणों का वास में बना स्पीड ब्रेकर जिससे आए दिन दुर्घटना हो रही है।

### ऐसे होते हैं आदर्श स्पीड ब्रेकर

आइआरसी के दिशा-निर्देशों के मुताबिक एक आदर्श स्पीड ब्रेकर की ऊंचाई 10 सेंटीमीटर, लंबाई 3.5 मीटर और वृत्ताकार क्षेत्र यानी कर्वेचर रेडियस 17 मीटर होना चाहिए। स्पीड ब्रेकर का मकसद है कि गाड़ियों की रफ्तार को 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटा रहे ताकि सड़क हादसों के खतरे कम किया जा सके। लेकिन हमारे यहां पर किसी भी मानक का पालन नहीं किया जा रहा है। जब दुर्घटना होती है। तब स्पीड ब्रेकर बना दिए जाते हैं। कई स्थानों पर तो लोग बगैर नगर निगम और लोक निर्माण विभाग की अनुमति के ही स्पीड ब्रेकर बना रहे हैं, लेकिन इस पर रोक की तरफ किसी का ध्यान नहीं है।

भास्कर

दै भास्कर 13/1/22

# रोजगार दिवस : 12 हजार से अधिक हितग्राही लाभान्वित

## हितग्राहियों को 47 करोड़ रूपए के वित्त लाभ प्रदान किए

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**



स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के अवसर पर आयोजित रोजगार दिवस पर जिले के 12 हजार 840 हितग्राही लाभान्वित हुए जिन्हें 47 करोड़ रूपए के वित्त लाभ प्रदान किए गए। बरबड विधायक सभागृह पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक चेतन्य काश्यप, विधायक जावरा डॉ. राजेंद्र पाण्डेय, विधायक ग्रामीण दिलीप मकवाना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया आदि अधिकारी तथा हितग्राही उपस्थित थे।

रोजगार दिवस के अवसर पर जिले के स्वयं सहायता समूहों के 8 हजार सदस्यों को 6 करोड़ 6 लाख रुपए की ऋण सहायता रोजगार के लिए उपलब्ध कराई गई। प्रधानमंत्री ग्राम सृजन योजना अंतर्गत 97 युवाओं को 14 करो? 50 लाख रूपए वितरित किए गए। प्रधानमंत्री स्वनिधि में 2001 हितग्राहियों को 2 करोड़ 18 लाख रुपए की ऋण सहायता वितरित की गई। इनमें बगैर ब्याज के 10 हजार तथा 20 हजार रूपए के ऋण सम्मिलित है। मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना के 985 हितग्राहियों को 98 लाख 50 हजार रुपए की ऋण सहायता वितरित की गई। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत 440 महिलाओं को तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 7672 महिलाओं को लाभान्वित किया गया।

शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं में 165 हितग्राहियों को 2 करोड़ 88 लाख रुपए की ऋण सहायता दी गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना अंतर्गत 02 हितग्राहियों को ऋण के माध्यम से क्रय वाहन प्रदान किए गए। कृषि अधोसंरचना में भी वितरण किया गया। इसके तहत 60 हितग्राहियों को 12 करोड रूपए की सहायता दी गई।

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में 30 हितग्राहियों को 30 लाख रुपए का वितरण किया गया। इसके अलावा उद्यानिकी, मत्स्य, पशु चिकित्सा सेवाओं विभागों के भी लाभ वितरण किए गए। कार्यक्रम में किसान क्रेडिट कार्ड का भी वितरण किया गया। स्वदेश

## जिलास्तरीय कार्यशाला में समाजसेवियों का सम्मान

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**



म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला में स्वामी विवेकानंद दर्शन, सिद्धांत, अलौकिक विचार, और उनके आदर्शो तथा आत्मनिर्भर भारत पर अतिथियों के द्वारा विचार रखे गये। साथ ही रतलाम जिलें में कोरोना काल के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कोरोना वॉलेंटियर्स अभियान से जुडे समाजसेवियों का सम्मान किया गया, तथा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व पाठ्यक्रम के छात्रों को डिग्री वितरण की गई । सभी प्रतिभागितयों को संभावित तीसरी लहर और वेक्सीनेशन के संबध प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि महर्षि पंतजलि संस्कृत संस्थान के अध्यक्ष भरत बैरागी (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त), मुख्य वक्ता एमआईडीएच कमेटी के सदस्य अशोक पाटीदार, अध्यक्षता सेवानिवृत नायक भारतीय सेना कैलाश निनामा, विशेष अतिथि समाजसेवी गोंविद काकानी, राष्ट्रीय अध्यक्ष सेवा प्रतिष्ठान मोहनलाल मुरलीवाला, सेवा भारती के पार्थसारथी , एडवोकेट सुनीता छाजेड, पंतजलि युवा भारत राज्य प्रभारी प्रेमराम पुनिया उपस्थित थे। कार्ययोजना रत्नेश विजयवर्गीय एवं रूपरेखा विकासखण्ड समन्वयक रतनलाल चैरपोटा द्वारा रखी गई। संचालन लोकेश शर्मा भुतेडा ने किया। आभार युवराज सिंह पंवार ने माना।

स्वदेश 13/1/22

पूर्व महापौर डागा की पहल रंग लाई

# भवन निर्माण अनुमति के लिए अब नहीं लगेगी नजूल एनओसी

प्रसारण न्यूज • रतलाम

शहर में भवन निर्माण अनुमति के लिए नगर निगम द्वारा पिछले दिनों नजूल एनओसी अनिवार्य करने के आदेश में संशोधन कर दिया गया है। अब 2400 स्क्वेयर फिट से अधिक के भुखंड पर निर्माण अनुमति के लिए नजूल एनओसी अनिवार्य कर दी गई है।



जानकारी के अनुसार नगर निगम आयुक्त द्वारा 6 दिसम्बर को एक आदेश जारी कर नगरीय क्षेत्र की सीमाओं में दी जाने वाली भवन निर्माण अनुमति के लिए नजूल एनओसी अनिवार्य रुप से लिए जाने के निर्देश जारी कर दिए थे। आदेश में नगरीय क्षेत्र में रतलाम विकास प्राधिकरण, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग रतलाम से स्वीकृत या अनुमोदित कॉलोनियों को छोड़कर सभी स्थानों में सभी प्रकार की भवन निर्माण अनुमति के लिए म. प्र भूमि विकास नियम 2012 के नियम 16 (11) के खंड (ख) व (ग) तथा म. प्र. शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय के परिपत्र में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार नजूल विभाग की अनापत्ति प्राप्त किए जाने के उपरांत ही भवन निर्माण अनुमति जारी करने के लिए कहा गया था।

### आम जनता की परेशानी से कलेक्टर को अवगत कराया था

इस मामले में पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरुषोत्तम से मिले थे और उन्हे इस आदेश से जनता को हो रही परेशानी से अवगत कराया था। श्री डागा ने कहा कि इस निगम से शहर में कई स्थानों पर तकनीकी कारणों से लोगों को अनुमति ही नही मिल पाएगी। श्री डागा ने बताया कि आमजन की समस्या को देखते हुए कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने इस सबंध में शीघ्र निर्णय लेने का आश्वासन दिया था।

### जारी किए संशोधित आदेश

कलेक्टर के निर्देश पर निगमायुक्त ने इस संबंध में संशोधित आदेश जारी कर दिए है। संशोधित आदेश के अनुसार अब 2400 स्क्वेयर फीट से अधिक के भूखंड पर ही भवन निर्माण अनुमति के लिए ही नजूल एनओसी अनिवार्य रहेगी। संशोधित आदेश से आम जनता को काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

प्रसारण

प्रसारण 13/1/22

# पूर्व महापौर डागा की पहल रंग लाई, भवन निर्माण अनुमति के लिए अब नहीं लगेगी नजूल एनओसी

रतलाम। शहर में भवन निर्माण अनुमति के लिए नगर निगम द्वारा पिछले दिनों नजूल एनओसी अनिवार्य करने के आदेश में संशोधन कर दिया गया है। अब 2400 स्कवेअर फिट से अधिक के भुखंड पर निर्माण अनुमति के लिए नजूल एनओसी अनिवार्य कर दी गई है। जानकारी के अनुसार नगर निगम आयुक्त द्वारा 6 दिसम्बर को एक आदेश जारी कर नगरीय क्षेत्र की सीमाओं में दी जाने वाली भवन निर्माण अनुमति के लिए नजूल एनओसी अनिवार्य रुप से लिए जाने के निर्देश जारी कर दिए थे। आदेश में नगरीय क्षेत्र में रतलाम विकास प्राधिकरण, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग रतलाम से स्वीकृत या अनुमोदित कालोनियो को छोड़कर सभी स्थानों में सभी प्रकार की भवन निर्माण अनुमति के लिए म. प्र भूमि विकास नियम 2012 के नियम 16(11) के खंड (ख) व (ग) तथा म. प्र. शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय के परिपत्र में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार नजूल विभाग की अनापत्ति प्राप्त किए जाने के उपरांत ही भवन निर्माण अनुमति जारी करने के लिए कहा गया था। आम जनता की परेशानी से कलेक्टर को अवगत कराया था इस मामले में पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरुषोत्तम से मिले थे और उन्हे इस आदेश से जनता को हो रही परेशानी से अवगत कराया था। श्री डागा ने कहा कि इस निगम से शहर में कई स्थानों पर तकनीकी कारणों से लोगों को अनुमति ही नहीं मिल पाएगी। श्री डागा ने बताया कि आमजन की समस्या को देखते हुए कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने इस सबंध में शीघ्र निर्णय लेने का आश्वासन दिया था। इन्दौर

### जारी किए संशोधित आदेश

कलेक्टर के निर्देश पर निगमायुक्त ने इस संबंध में संशोधित आदेश जारी कर दिए हैं। संशोधित आदेश के अनुसार अब 2400 स्क्रेयर फीट से अधिक के भूखंड पर ही भवन निर्माण अनुमति के लिए ही नजूल एनओसी अनिवार्य रहेगी। संशोधित आदेश से आम जनता को काफी राहत मिलने की उम्मीद है।

इन्दौर समाचार 13/1/22

नवीन आदेश

# निर्माण मंजूरी के लिए बदला नगर निगम ने नियम

## अब 2400 वर्गफीट से अधिक निर्माण तो ही नजूल की एनओसी जरूरी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



6 दिसंबर को जो आदेश जारी किया गया था, उसमे आंशिक संशोधन किया गया है। इससे भवन निर्माण मंजूरी लेने वालों को लाभ होगा।
**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

रतलाम. नगर निगम ने प्रत्येक निर्माण के लिए नजूल की मंजूरी के अपने 6 दिसंबर 2021 के आदेश को बदल दिया है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा जारी नए आदेश के अनुसार अब 2400 वर्गफीट या इससे अधिक का निर्माण हुआ तो ही नजूल की मंजूरी जरूरी होगी। बता दे कि नगर निगम के इस निर्णय के खिलाफ हाल ही में तीखा विरोध पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा ने कलेक्टर व निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के समक्ष जताया था। इसके बाद ही निगम ने अपने पूर्व के आदेश को वापस लेते हुए अब नया आदेश जारी किया है।

बता दे कि गत वर्ष जब नगर निगम ने शहर में अतिक्रमण व अवैध निर्माण के खिलाफ मोर्चा खोला था तो यह सामने आया था कि कुछ स्थान पर नजूल द्वारा भूमि पर एनओसी जारी की गई थी। जबकि निगम से इस मामले में मंजूरी नहीं ली गई थी। ऐसे में काफी लोग जो अतिक्रमण हटाओ व अवैध निर्माण तोड़ने से प्रभावित हुए, वे न्यायालय में चले गए। इसके बाद ही आयुक्त ने गत माह 6 दिसंबर को आदेश जारी करके साफ किया था कि शहर में किसी भी प्रकार के निर्माण के लिए नजूल के साथ - साथ निगम की मंजूरी भी जरूरी होगी।

### अब किया यह बदलाव

अब नए जारी आदेश में पूर्व के नियम में बदलाव कर दिया गया है। अब प्रत्येक निर्माण में नगर निगम व नजूल की एनओसी जरूरी नहीं होगी। यह सिर्फ उन निर्माण के लिए जरूरी की गई है जो 2400 वर्गफीट से अधिक के है। इसके लिए नगर निगम द्वारा ऑनलाइन मंजूरी तब दी जाएगी जब नजूल से मंजूरी हो गई हो। पत्रिका

पत्रिका 13/1/22

नगर निगम ने आदेश में किया संशोधन

# 2400 वर्गफीट से बड़े भवन के लिए ही नजूल एनओसी जरूरी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नजूल एनओसी को लेकर गलत आदेश जारी कर मकान बनाने वालों की मुसीबत बढ़ाने वाले नगर निगम ने राहत दी। 2400 वर्गफीट से अधिक में निर्माण करने वालों को ही नजूल विभाग से अनापत्ति लेना होगी। 2400 वर्गफीट से छोटे मकान बनाने वालों को बिना नजूल एनओसी के भी परमिशन मिल जाएगी। दरअसल मामला बिल्डिंग परमिशन में नजूल एनओसी का है, जिसे 6 दिसंबर को नगर निगम आयुक्त ने आदेश जारी कर अनिवार्य कर दिया था। इससे बिल्डिंग परमिशन जारी होना बंद हो गई थी। वहीं प्रोसेस में चल रही 58 से ज्यादा फाइल अटक गई थी क्योंकि निगम क्षेत्र का मामला बताकर नजूल विभाग ने एनओसी देने से इनकार कर दिया। बुधवार को आयुक्त सोमनाथ झारिया ने नए आदेश जारी कर दिए हैं। रतलाम विकास प्राधिकरण, मप्र गृह निर्माण एवं अधोसंरचना मंडल और नगर तथा ग्राम निवेश विभाग से स्वीकृत कॉलोनियों को छोड़कर शहर में सभी स्थानों पर 2400 वर्गफीट की भवन निर्माण अनुमति नजूल विभाग की एनओसी मिलने के बाद ही ऑनलाइन जारी की जाएगी। नए आदेश के बाद गुरुवार से परमिशन मिलना शुरू हो जाएगी।

### कलेक्टर को पूर्व महापौर डागा ने बताई थी परेशानी

नगर निगम के आदेश से बिल्डिंग परमिशन रुकने के बाद परेशान मकान बनाने वालों ने पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा को समस्या बताई थी। डागा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से मिले और जानकारी दी। लोगों की तकलीफ को समझते हुए कलेक्टर पुरुषोत्तम ने 3 जनवरी को साफ कर दिया था कि अब सिर्फ बड़े आकार के भूखंड पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, फ्लैट्स वाली मल्टियां समेत अन्य बड़ी कमर्शियल बिल्डिंग बनाने वालों को ही नजूल एनओसी लेना होगी। पूर्व महापौर डागा ने बताया नगर निगम को सीधे लोगों से संबंधित कोई भी आदेश जारी करने के पहले अच्छी तरह से विचार विमर्श करना चाहिए।

### ऑनलाइन लगाना होंगे प्रकरण

नजूल एनओसी नहीं मिलने से जिन 58 से ज्यादा प्रकरणों को नगर निगम ने रिजेक्ट कर दिया था। उन्हें अब वापस से कंसल्टेंट इंजीनियरों के माध्यम से आवेदन लगाना होंगे। जिन लोगों ने नजूल एनओसी के चक्कर में प्रकरण ही नहीं लगाए थे, वे भी अब ऑनलाइन एप्लीकेशन कर सकेंगे। भास्कर

दै. भास्कर 13/1/22

## 2400 वर्गफीट तक निर्माण में नजूल एनओसी जरूरी नही

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में अब 2400 वर्गफीट तक भवन निर्माण के लिए नजूल एनओसी की आवश्यकता नहीं रहेगी। संशोधन करते निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने नया आदेश जारी किया है। इसमें मध्यप्रदेश भूमि विकास नियम 2012 व नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय के परिपत्र में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार शहर में 2400 वर्गफीट से अधिक क्षेत्र में भवन निर्माण के लिए नजूल विभाग की अनापत्ति (एनओसी) लेने के बाद ही नगर निगम द्वारा भवन निर्माण अनुमति दी जाएगी। रतलाम नगरीय क्षेत्र में रतलाम विकास प्राधिकरण, मप्र गृह निर्माण एवं अधोसंरचना मंडल रतलाम की कालोनियां तथा नगर तथा ग्राम निवेश विभाग रतलाम से स्वीकृत/अनुमोदित कालोनियों को छोड़कर शेष के लिए भवन निर्माण में नजूल विभाग की अनापत्ति (एनओसी) को अनिवार्य किया गया है। नई.

नईदुनिया 13/1/22

## रोजगार दिवस आयोजित : रतलाम जिला आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर

# 12 हजार से ज्यादा युवा रोजगार से जुड़े

## हितग्राहियों को 47 करोड़ रूपए के वित्त लाभ प्रदान किए गए

प्रसारण न्यूज • रतलाम



जिले के लिए 12 जनवरी का दिन स्वर्णिम रहा। शहर में रोजगार मेला आयोजित हुआ। मेले में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के तहत शासन की कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से बड़ी मात्रा में वित्त लाभ हितग्राहियों को प्रदान किए गए। स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के अवसर पर आयोजित रोजगार दिवस पर जिले के 12 हजार 840 हितग्राही लाभान्वित हुए जिन्हें 47 करोड़ रूपए के वित्त लाभ प्रदान किए गए। बरबड विधायक सभागृह पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक शहर चेतन्य काश्यप, विधायक जावरा डॉ. राजेंद्र पाण्डेय, विधायक ग्रामीण दिलीप मकवाना, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया आदि अधिकारी तथा हितग्राही उपस्थित थे।

रोजगार दिवस के अवसर पर जिले के स्वयं सहायता समूहों के 8 हजार सदस्यों को 6 करोड़ 6 लाख रुपए की ऋण सहायता रोजगार के लिए उपलब्ध कराई गई। प्रधानमंत्री ग्राम सृजन योजना अंतर्गत 97 युवाओं को 14 करोड़ 50 लाख रूपए वितरित किए गए। प्रधानमंत्री स्वनिधि में 2001 हितग्राहियों को 2 करोड़ 18 लाख रुपए की ऋण सहायता वितरित की गई। इनमें बगैर ब्याज के 10 हजार तथा 20 हजार रूपए के ऋण सम्मिलित है।

रोजगार दिवस में मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना के 985 हितग्राहियों को 98 लाख 50 हजार रुपए की ऋण सहायता वितरित की गई। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत 440 महिलाओं को तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 7672 महिलाओं को लाभान्वित किया गया। शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं में 165 हितग्राहियों को 2 करोड़ 88 लाख रुपए की ऋण सहायता दी गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना अंतर्गत 02 हितग्राहियों को ऋण के माध्यम से क्रय वाहन प्रदान किए गए। कृषि अधोसंरचना में भी वितरण किया गया। इसके तहत 60 हितग्राहियों को 12 करोड रूपए की सहायता दी गई। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में 30 हितग्राहियों को 30 लाख रुपए का वितरण किया गया। इसके अलावा उद्यानिकी, मत्स्य, पशु चिकित्सा सेवाओं विभागों के भी लाभ वितरण किए गए। कार्यक्रम में किसान क्रेडिट कार्ड का भी वितरण किया गया।

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा पूरी संवेदनशीलता के साथ सभी वर्गों के विकास के लिए योजनाएं संचालित की जा रही है। वर्तमान में प्रधानमंत्री मुद्रा तथा जनधन जैसी योजनाओं से आम आदमी को भी बैंक, बीमा जैसी सेवाओं से जोड़ा गया है जो पूर्व समय में आम आदमी के लिए सुलभ नहीं थी। आज आम आदमी की पहुंच बैंक, बीमा सेवाओं तक शासन के प्रयासों से हो गई है जो उनके जीवन में खुशहाली ला रही है। श्री काश्यप ने रोजगार मेले के माध्यम से लाभान्वित हितग्राहियों से आग्रह किया कि बैंकों के माध्यम से मिली धन राशि से अपने व्यवसाय में वृद्धि करें। अपने व्यवसाय को उन्नत करें, उद्यमी बनकर दूसरों को भी रोजगार दें। श्री काश्यप ने कहा कि हमारे देश में प्राचीन समय से ही उद्यमिता को सर्वाधिक महत्व दिया गया है क्योंकि उद्यमी आदमी न केवल स्वयं लाभान्वित होता है बल्कि दूसरों को भी रोजगार देकर खुशहाल बनाता है।

विधायक डा. पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि हम आत्मनिर्भर और स्वर्णिम मध्यप्रदेश की ओर बढ़ रहे हैं, इसमें सबकी सहभागिता है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान लगातार स्वर्णिम तथा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए कार्य कर रहे हैं। इसका सुपरिणाम कई क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। आज मध्यप्रदेश ऊर्जा उत्पादन में इतना अग्रणी हो गया है कि दूसरे राज्यों को भी बिजली आपूर्ति करने में सक्षम है। मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना छोटे धंधे, रोजगार करने वाले बंधुओं के लिए वरदान साबित हो रही है। मध्यप्रदेश में सर्वांगीण विकास को गति दी गई है।

विधायक ग्रामीण दिलीप मकवाना ने अपने संबोधन में कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की अवधारणा के तहत रोजगार मेले का आयोजन युवाओं को रोजगार स्वरोजगार की दिशा में अग्रणी करेगा। श्री मकवाना ने आग्रह किया कि युवा उद्यमी बने और दूसरों को भी रोजगार देने में सक्षम बने।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिला तेजी से रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। 47 करोड़ रूपए के ऋण तथा अन्य लाभ विभिन्न योजनाओं में प्रदान किए गए हैं। निश्चित रूप से भविष्य में भी हम अधिकाधिक रूप से रोजगार का सृजन करेंगे। प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन देते हुए जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री दिलीप सेठिया ने रोजगार मेला आयोजन के उद्देश्य तथा योजनाओं में वितरण की विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन आशीष दशोत्तर ने किया।

कार्यक्रम में महाप्रबंधक उद्योग मुकेश शर्मा, जिला आपूर्ति अधिकारी एस.एच. चौधरी, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अरुण पाठक, एन आर एल एम जिला समन्वयक हिमांशु शुक्ला, उप संचालक उद्यानिकी पी.एस. कनेल, सहायक आपूर्ति अधिकारी उमेश पांडे, नगर निगम कार्यपालन यंत्री सुरेश व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री आचार्य आदि उपस्थित थे। प्रसारण

प्रसारण 13/1/22

## पूर्व महापौर डागा की पहल रंग लाई...

# भवन निर्माण अनुमति के लिए अब नहीं लगेगी नजूल एनओसी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

शहर में भवन निर्माण अनुमति के लिए नगर निगम द्वारा पिछले दिनों नजूल एनओसी अनिवार्य करने के आदेश में संशोधन कर दिया गया है। अब 2400 स्कवेअर फिट से अधिक के भुखंड पर निर्माण अनुमति के लिए नजूल एनओसी अनिवार्य कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार नगर निगम आयुक्त द्वारा 6 दिसम्बर को एक आदेश जारी कर नगरीय क्षेत्र की सीमाओं में दी जाने वाली भवन निर्माण अनुमति के लिए नजूल एनओसी अनिवार्य रुप से लिए जाने के निर्देश जारी कर दिए थे। आदेश में नगरीय क्षेत्र में रतलाम विकास प्राधिकरण, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग रतलाम से स्वीकृत या अनुमोदित कालोनियो को छोड़कर सभी स्थानों में सभी प्रकार की भवन निर्माण अनुमति के लिए म. प्र भूमि विकास नियम 2012 के नियम 16(11) के खंड (ख) व (ग) तथा म. प्र. शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय के परिपत्र में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार नजूल विभाग की अनापत्ति प्राप्त किए जाने के उपरांत ही भवन निर्माण अनुमति जारी करने के लिए कहा गया था।



**आम जनता की परेशानी से कलेक्टर को अवगत कराया था**

इस मामले में पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरुषोत्तम से मिले थे और उन्हे इस आदेश से जनता को हो रही परेशानी से अवगत कराया था। श्री डागा ने कहा कि इस निगम से शहर में कई स्थानों पर तकनीकी कारणों से लोगों को अनुमति ही नहीं मिल पाएगी। श्री डागा ने बताया कि आमजन की समस्या को देखते हुए कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने इस सबंध में शी[illegible] निर्णय लेने का आश्वासन दि[illegible] था।

**जारी किए संशोधित आदे[illegible]**

कलेक्टर के निर्देश [illegible] निगमायुक्त ने इस संबंध [illegible] संशोधित आदेश जारी कर दिए [illegible] संशोधित आदेश के अनुसार [illegible] 2400 स्क्वेयर फीट से अधिक [illegible] भूखंड पर ही भवन निर्माण अनुम[illegible] के लिए ही नजूल एनओ[illegible] अनिवार्य रहेगी। संशोधित आदे[illegible] से आम जनता को काफी रा[illegible] मिलने की उम्मीद है।

अवन्तिका

अवन्तिका 13/1/22

पाजिटिव की जानकारी नहीं देने पर बढ़ेगा संक्रमण, 62 नए मरीज मिले, दो स्वस्थ

# बाजार में मिलने लगी कोरोना किट, लोग खुद ही कर रहे जांच, छिपा रहे जानकारी

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना की तीसरी लहर में बढ़ते मामलों के बीच अब बाजार में मिल रहे सेल्फ टेस्ट किट से टेस्ट करने के बाद पाजिटिव आने पर कई लोग जानकारी छुपा रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की मशक्कत भी बढ़ गई है। इधर बुधवार को जिले में कोरोना के 62 नए मरीज मिले हैं। इसके साथ ही आठ अन्य मरीज भी हैं जो कि अन्य जिलों से हैं। जून 2021 के बाद पहली बार एक दिन में 60 से अधिक मरीज आए हैं। दो मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज भी किया गया है।

मालूम हो कि शहर करीब दस प्रमुख दुकानों पर कोरोना सेल्फ टेस्ट किट मिल रही है। अलग-अलग कंपनियों की यह किट 15 मिनट में परिणाम बता देती है। बाजार में 200 से 250 किट प्रतिदिन बिक रही है। इसके अलावा आनलाइन भी किट खरीदी जा सकती है। टेस्ट में पाजिटिव आए लोग कोविड केयर सेंटर भेजे जाने, घर को कंटेनमेंट बनाने के डर से रिपोर्ट नहीं बता रहे हैं। इसके चलते स्वास्थ्य विभाग की सैंपलिंग में पाजिटिव आ रहे मरीजों के अलावा अन्य की पहचान करना मुश्किल भरा और संक्रमण का खतरा भी बढ़ गया है।

**मेडिकल कालेज में 25 मरीज** : कोरोना संक्रमण को लेकर मेडिकल कालेज के कोविड अस्पताल में दवाइयां, आक्सीजन, बेड सहित अन्य सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। अभी अस्पताल में 25 मरीज भर्ती हैं। इनमें से अधिकांश को सात से दस दिन हो गए हैं। गुरुवार को 10 से अधिक मरीजों को डिस्चार्ज किया जा सकता है।

### बढ़ रहा कोरोना का ग्राफ

| तारीख | पाजिटिव केस | | |
|---|---|---|---|
| 12 जनवरी | 62 | 07 जनवरी | 24 |
| 11 जनवरी | 47 | 06 जनवरी | 12 |
| 10 जनवरी | 43 | 05 जनवरी | 14 |
| 09 जनवरी | 44 | 04 जनवरी | 02 |
| 08 जनवरी | 48 | 03 जनवरी | 01 |
| | | 02 जनवरी | 2 |
| | | 01 जनवरी | 00 |

### कोरोना की जिले में स्थिति

| | |
|---|---|
| कुल मरीज | 17812 |
| स्वस्थ हुए | 17207 |
| मौत | 311 |
| एक्टिव मरीज | 294 |
| सैंपल रिपोर्ट आना बाकी | 1239 |

"कोरोना वायरस से गाइडलाइन का पालन करके ही बचा जा सकता है। वैक्सीन लगवाएं, मास्क पहने व भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों में अनावश्यक जाने से बचें। इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए फल, पौष्टिक आहार का सेवन करें। सेल्फ टेस्ट में भी पाजिटिव आते हैं तो स्वास्थ्य विभाग को सूचित करें। अगले दो सप्ताह बेहद अहम हैं। सभी को जागरूक रहकर ही महामारी पर काबू पाना है। – **डा. जितेंद्र गुप्ता, डीन शासकीय मेडिकल कालेज**

नईदु.

नईदुनिया 13/1/22

## 12 हजार 840 हितग्राहियों के लिए 47 करोड़ स्वीकृत

# स्वयं के भविष्य व प्रदेश विकास के लिए रोजगार को बढ़ाने के प्रति चिंतन करें: विधायक काश्यप






**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. आम लोगों को बैंकिंग व बीमा से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं। युवा दिवस पर रोजगार मेले आयोजित कर युवाओं को स्व-रोजगार से जोड़ने के लिए ऋण प्रदान कर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने में एक कदम आगे बढ़ाया है। अब युवाओं को रोजगार बढ़ाने के लिए चिंतन करना होगा। यह बात शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने बरबड़ स्थित विधायक सभागृह में जिला रोजगार मेले में कही।

विभिन्न योजनाओं में 12,840 हितग्राहियों के लिए 47 करोड़ के ऋण स्वीकृत किए गए। 100 से अधिक हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय और ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना भी मौजूद रहे। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि स्व-रोजगार योजनाओं के ऋण वितरण के लिए टीम के रूप में कार्य किया है। जिला पंचायत सीईओ जमुना भिड़े, नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया उपस्थित थे। स्वागत व कार्यक्रम की जानकारी एलडीएम दिलीप सेठिया ने दिया। संचालन आशीष दशोत्तर ने किया और आभार जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के प्रभारी महाप्रबंधक मुकेश शर्मा ने माना।

### वाहनों की सौंपी चाबी

मुख्यमंत्री राशन आपके ग्राम योजना के तहत सैलाना-बाजना विकासखंड में जिन गांवों में राशन की दुकानें नहीं है, वहां पर राशन पहुंचाने के लिए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से 20 वाहनों के लिए दो करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। कार्यक्रम में सांकेतिक तौर पर दो लोगों को वाहन की चाबी शहर विधायक चेतन्य काश्यप सहित अन्य अतिथियों ने सौंपी।

### आत्मनिर्भर प्रदेश के लिए परिश्रम करें

विवेकानंद के स्मरण व विचार नई ऊर्जा का संचार करते हैं। जो नए उत्साह के साथ कार्य करता है। वह जीवन में सफल होता है। स्वर्णिम व आत्मनिर्भर प्रदेश के लिए सभी को परिश्रम करना होगा। विकास में आगे बढ़ाने के लिए सभी को आगे आना होगा। - **डॉ. राजेंद्र पांडेय,** विधायक, जावरा।

आत्मनिर्भर प्रदेश बनाने के लिए 47 करोड़ के ऋण स्वीकृत किए गए हैं। इससे युवा स्वयं उद्यमी बने व दूसरों को भी रोजगार दें, जिस उद्देश्य के लिए ऋण लिया है, उसी में राशि का उपयोग करें। ताकि आपको व आपसे जुड़े लोगों को लाभ मिल सके। इसके साथ ही समय पर ऋण जमाकर बैंकों से समन्वय बनाएं।- **दिलीप मकवाना,** विधायक, रतलाम ग्रामीण।

पत्रिका।

### इन योजनाओं में स्वीकृत की राशि

| योजना | हितग्राही | राशि |
|---|---|---|
| प्रधानमंत्री मुद्रा योजना | 30 | 60 लाख |
| प्रधानमंत्री रोजगार सृजन | 97 | 14 करोड़ 33 लाख |
| माइक्रो फाइनेंस | 35 | 75 लाख |
| एनयूएलएम में 10 हजार तक | 1824 | 1 करोड़ |
| एनयूएलएम में 20 हजार तक | 177 | 35 लाख |
| एनयूएलएम में 50 हजार से दो लाख | 165 | 2 करोड़ 88 लाख |
| नारी शक्ति स्वयं सहायता समूह | 440 | 44 लाख |
| एनआरएलएम में 10 हजार | 985 | 99 लाख |
| एनआरएलएम स्वयं सहायता समूह | 7,672 | 5 करोड़ 62 लाख |
| पशु पालन में | 1148 | 5 करोड़ 90 लाख |
| मत्स्य विभाग में केसीसी | 86 | 8 लाख |
| उद्यानिकी में केसीसी | 10 | 3 करोड़ |

### बकरे काटे नहीं उनका उत्थान करना है

पशु पालन विभाग ने बकरों के उत्थान योजना के तहत हितग्राहियों को बकरे प्रदान किए। हितग्राहियों को बकरे प्रदान करने के दौरान जावरा विधायक ने कहा कि आपको ये बकरे उत्थान के लिए दिए हैं, इन्हें काटना मत।

पत्रिका 13/1/22

## 25 लाख की विधायक निधि से होगा महलवाड़े के मुख्य द्वार का सौंदर्यीकरण



रतलाम। रतलाम के प्राचीन एवं ऐतिहासिक महत्व के महलवाडा को दर्शनीय बनाने की शुरूआत हो रही है। विधायक चेतन्य काश्यप ने महलवाडे के मुख्य द्वार के सौंदर्यीकरण हेतु विधायक निधि से 25 लाख रूपए देने की घोषणा की है। इससे जल्द ही मुख्य द्वार का स्वरूप बदलने का कार्य आरंभ हो जाएगा। ज्ञातव्य है कि विधायक श्री काश्यप के मार्गदर्शन में पूर्व में रतलाम हेरीटेज की आर्किटेक्ट विनिता तांतेड एवं प्रतीक दलाल ने रतलाम के महलवाडा की धरोहर को सरक्षित कर उसे संवारने का प्रस्ताव तैयार किया था। श्री काश्यप ने कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम से भी उक्त संदर्भ में चर्चा की है, जिसपर प्रशासन द्वारा कार्यवाही जारी है। महलवाडा के प्राचीन वैभव को वापस स्थापित करने के लिए श्री काश्यप ने विधायक निधि एवं अन्य स्त्रोतों से राशि उपलब्ध कराने का कहा है। रतलाम हेरीटेज के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार पहले महलवाडा के मुख्य द्वार के बाहरी स्वरूप को संवारने एवं वहां लगी ऐतिहासिक घडी चालू करने का कार्य होगा। इसके बाद राजमहल के महत्व को देखते हुए देश के प्रसिद्ध वास्तुविदों को संबद्ध कर सम्पूर्ण महलवाडा परिसर के सौंदर्यीकरण की योजना को मूर्त रूप दिया जाएगा। राज

राजएक्सप्रेस 13/1/22

## विधायक निधि से होगा महलवाड़ा के मुख्य द्वार का सुंदरीकरण



रतलाम के रणजीत विलास पैलेस (महलवाड़ा) का मुख्य द्वार। • नईदुनिया

रतलाम। शहर के प्राचीन व ऐतिहासिक महत्व के महलवाड़ा को दर्शनीय बनाने की शुरुआत हो रही है। विधायक चेतन्य काश्यप ने महलवाड़े के मुख्य द्वार के सुंदरीकरण के लिए विधायक निधि से 25 लाख रुपये देने की घोषणा की है। इससे जल्द ही मुख्य द्वार का स्वरूप बदलने का कार्य आरंभ हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि विधायक काश्यप के मार्गदर्शन में पूर्व में रतलाम हेरिटेज की आर्किटेक्ट विनीता तांतेड़ व प्रतीक दलाल ने रतलाम के महलवाड़ा की धरोहर को संरक्षित कर उसे संवारने का प्रस्ताव तैयार किया था। काश्यप ने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम से भी उक्त संदर्भ में चर्चा की है। इस पर प्रशासन द्वारा कार्यवाही जारी है। महलवाड़ाकेप्राचीनवैभवकोवापसस्थापित करने के लिए काश्यप ने विधायक निधि व अन्य स्रोतों से राशि उपलब्ध कराने का कहा है।

रतलाम हेरिटेज के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार पहले महलवाड़ा के मुख्य द्वार के बाहरी स्वरूप को संवारने व वहां लगी ऐतिहासिक घड़ी चालू करने का कार्य होगा। इसके बाद राजमहल के महत्व को देखते हुए देश के प्रसिद्ध वास्तुविदों को संबद्ध कर संपूर्ण महलवाड़ा परिसर के सुंदरीकरण की योजना को मूर्तरूप दिया जाएगा। नई-

नईदुनिया 13/1/22

## महलवाड़ा के मुख्य द्वार का विधायक निधि से होगा सौंदर्यीकरण : विधायक काश्यप

रतलाम। रतलाम के प्राचीन एवं ऐतिहासिक महत्व के महलवाड़ा को दर्शनीय बनाने की शुरूआत हो रही है। विधायक चेतन्य काश्यप ने महलवाड़े के मुख्य द्वार के सौंदर्यीकरण हेतु विधायक निधि से 25 लाख रूपए देने की घोषणा की है। इससे जल्द ही मुख्य द्वार का स्वरूप बदलने का कार्य आरंभ हो जाएगा। ज्ञातव्य है कि विधायक श्री काश्यप के मार्गदर्शन में पूर्व में रतलाम हेरीटेज की आर्किटेक्ट विनिता तांतेड़ एवं प्रतीक दलाल ने रतलाम के महलवाड़ा की धरोहर को सरंक्षित कर उसे संवारने का प्रस्ताव तैयार किया था । श्री काश्यप ने कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम से भी उक्त संदर्भ में चर्चा की है, जिसपर प्रशासन द्वारा कार्यवाही जारी है। महलवाड़ा के प्राचीन वैभव को वापस स्थापित करने के लिए श्री काश्यप ने विधायक निधि एवं अन्य स्त्रोतों से राशि उपलब्ध कराने का कहा है। रतलाम हेरीटेज के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार पहले महलवाड़ा के मुख्य द्वार के बाहरी स्वरूप को संवारने एवं वहां लगी ऐतिहासिक घड़ी चालू करने का कार्य होगा। इसके बाद राजमहल के महत्व को देखते हुए देश के प्रसिद्ध वास्तुविदों को संबद्ध कर सम्पूर्ण महलवाड़ा परिसर के सौंदर्यीकरण की योजना को मूर्त रूप दिया जाएगा। इन्दौर

इन्दौर समाचार 13/1/2

## कोरोना वायरस बड़ा धमाका

# 5 दर्जन से अधिक महिला, पुरुष और बच्चे हो गए संक्रमित




प्रसारण न्यूज * रतलाम

स्वामी विवेकानंद जयंती पर शहर में कोरोनावायरस से संक्रमित होने वालों ने बड़ा धमाका कर दिया है 5 दर्जन से अधिक महिला पुरुष और बच्चे संक्रमण की जद में आ गए हैं। एक्टिव मरीजों का आंकड़ा 300 के पास पहुंच गया है। लगातार बढ़ते संक्रमण के बावजूद आमजन और विशेष जन सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं कर रहे हैं। नतीजतन संक्रमित की संख्या लगातार बढ़ रही है।

जिला महामारी नियंत्रक डॉ. गौरव बोरीवाल ने चर्चा में बताया कि बुधवार को संक्रमित होने वालों की संख्या 62 है। जिनमें 14 महिला, 44 पुरुष और 4 बच्चे शामिल हैं, जिनकी उम्र 7 से 17 साल है। सभी को आइसोलेट कर उपचार शुरू कर दिया है। डॉक्टर बोरीवाल ने बताया कि आइसोलेटेड मरीजों की संख्या 294 है। बुधवार को 2 लोगों को डिस्चार्ज किया गया है। 1239 सैंपल की रिपोर्ट आना अभी शेष है।

### युवा और अधेड़ उम्र के लोग ज्यादा प्रभावित

वैक्सीन लगवाने के बाद कोरोनावायरस का डर लोगों में अब नहीं रहा है इसी कारण हर आम और खास मनमानी कर रहे हैं। खासकर युवा सहित अधेड़ उम्र के लोग संक्रमित हो रहे हैं और बड़े बुजुर्गों को भी संक्रमण का वायरस दे रहे हैं। यह स्थिति ठीक नहीं है। प्रसारण

## मास्क नहीं लगाने पर 16 व्यक्तियों पर जुर्माना

**रतलाम।** कोरोना वायरस (कोविड-19) को वैश्विक महामारी चिन्हित किए जाने तथा मध्यप्रदेश शासन द्वारा इसे संक्रामक रोग घोषित किये जाने से रतलाम नगर में संक्रमण का फैलाव ना हो इस हेतु सभी नागरिकों को मास्क पहनना अनिवार्य किया गया है। नगर में ऐसे नागरिक जो कि मास्क नहीं लगा रहे हैं या गलत तरीके से लगा रहे हैं, उन पर कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर निगम स्पॉट फाईन दल द्वारा निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जुर्माने की कार्यवाही करते हुए 16 व्यक्तियों पर जुर्माना कर मास्क लगाने की समझाईश दी गई।

प्रसारण 13/1/22

## कोविड वैक्सीनेशन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रिकॉशन डोज लगना प्रारंभ

**रतलाम।** रतलाम जिले के जिला चिकित्सालय परिसर पर कोविड वैक्सीनेशन कार्यक्रम अंतर्गत हेल्थ केयर वर्कर्स, फ्रंटलाइन वर्कर्स, 60 वर्ष से अधिक आयु के कोमार्बिड लोगों को वैक्सीनेशन किया जाना प्रारंभ किया गया।

रतलाम जिले के विभिन्न केंद्रों पर कोविड का दूसरा टीका लगवाने के बाद 9 माह की अवधि पूर्ण कर चुके लोगों द्वारा उत्साहपूर्वक वैक्सीनेशन कराया जा रहा है। [illegible]

[illegible] 13/1/22

## महलवाड़ा के मुख्य द्वार का विधायक निधि से होगा सौंदर्यीकरण



रतलाम। रतलाम के प्राचीन एवं ऐतिहासिक महत्व के महलवाड़ा को दर्शनीय बनाने की शुरूआत हो रही है। विधायक चेतन्य काश्यप ने महलवाड़े के मुख्य द्वार के सौंदर्यीकरण हेतु विधायक निधि से 25 लाख रूपए देने की घोषणा की है। इससे जल्द ही मुख्य द्वार का स्वरूप बदलने का कार्य आरंभ हो जाएगा।

ज्ञातव्य है कि विधायक श्री काश्यप के मार्गदर्शन में पूर्व में रतलाम हेरीटेज की आर्किटेक्ट विनिता तातिड़ एवं प्रतीक दलाल ने रतलाम के महलवाड़ा की धरोहर को सरक्षित कर उसे संवारने का प्रस्ताव तैयार किया था। श्री काश्यप ने कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम से भी उक्त संदर्भ में चर्चा की है। जिसपर प्रशासन द्वारा कार्यवाही जारी है। महलवाड़ा के प्राचीन वैभव को वापस स्थापित करने के लिए श्री काश्यप ने विधायक निधि एवं अन्य स्त्रोतों से राशि उपलब्ध कराने का कहा है। रतलाम हेरीटेज के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार पहले महलवाड़ा के मुख्य द्वार के बाहरी स्वरूप को संवारने एवं वहां लगी ऐतिहासिक घड़ी चालू करने का कार्य होगा। `इसके बाद राजमहल के महत्व को देखते हुए देश के प्रसिद्ध वास्तुविदों को संबद्ध कर सम्पूर्ण महलवाड़ा परिसर के सौंदर्यीकरण की योजना को मूर्त रूप दिया जाएगा।

दबंग

दबंग 13/1/22

## अति प्राचीन महलवाड़ा का मुख्य द्वार निखरेगा

रतलाम, नप्र। रतलाम के अति प्राचीन एवं ऐतिहासिक महलवाड़े के मुख्य दरवाजे को सुंद बनाया जा रहा है। इसके साथ महलवाड़ा को दर्शनीय बनाने की शुरुआत होगी। विधायक चेतन्य काश्यप ने महलवाड़ा के मुख्य दरवाजे के सौंदर्यीकरण के लिए विधायक निधि देने की घोषणा की है।



बताया जा रहा है कि इस दरवाजे को 25 लाख की लागत से सुंदर बनाए जाने के लिए इसके स्वरूप बदलने का काम जल्द ही शुरू हो जाएगा। विधायक काश्यप के मार्गदर्शन में पूर्व में रतलाम हेरीटेज की आर्किटेक्ट विनिता तातिड़ एवं प्रतीक दलाल ने रतलाम के महलवाड़ा की धरोहर को सरक्षित कर उसे संवारने का प्रस्ताव तैयार किया था विधायक काश्यप ने इस संबंध में कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम से भी चर्चा की है, जिस पर प्रशासन की ओर से कार्यवाही जारी है। महलवाड़ा के प्राचीन वैभव को वापस लाने के लिए काश्यप ने विधायक निधि एवं अन्य स्त्रोतों से राशि उपलब्ध कराने का कहा है। रतलाम हेरीटेज के सदस्यों की ओर से दिए गए प्रस्ताव अनुसार पहले महलवाड़ा के मुख्य द्वार के बाहरी स्वरूप को संवारने के साथ ही वहां लगी ऐतिहासिक घड़ी चालू करने का काम होगा। इसके बाद राजमहल के महत्व को देखते हुए देश के प्रसिद्ध वास्तुविदों को संबद्ध कर सम्पूर्ण महलवाड़ा परिसर के सौंदर्यीकरण की योजना को भी मूर्तरूप दिया जाएगा।

प्र.कि. 12

प्रभातकिरण 12/1/22

## महलवाड़ा के मुख्य द्वार का विधायक निधि से होगा सौंदर्यीकरण - विधायक श्री काश्यप

रतलाम। रतलाम के प्राचीन एवं ऐतिहासिक महत्व के महलवाड़ा को दर्शनीय बनाने की शुरूआत हो रही है। विधायक चेतन्य काश्यप ने महलवाड़े के मुख्य द्वार के सौंदर्यीकरण हेतु विधायक निधि से 25 लाख रूपए देने की घोषणा की है। इससे जल्द ही मुख्य द्वार का स्वरूप बदलने का कार्य आरंभ हो जाएगा।

ज्ञातव्य है कि विधायक श्री काश्यप के मार्गदर्शन में पूर्व में रतलाम हेरीटेज की आर्किटेक्ट विनिता तातेड़ एवं प्रतीक दलाल ने रतलाम के महलवाड़ा की धरोहर को संरक्षित कर उसे संवारने का प्रस्ताव तैयार किया था। श्री काश्यप ने कलेक्टर कुमार पुरूषोत्तम से भी उक्त संदर्भ में चर्चा की है, जिस पर प्रशासन द्वारा कार्यवाही जारी है। महलवाड़ा के प्राचीन वैभव को वापस स्थापित करने के लिए श्री काश्यप ने विधायक निधि एवं अन्य स्त्रोतों से राशि उपलब्ध कराने का कहा है। रतलाम हेरीटेज के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार पहले महलवाड़ा के मुख्य द्वार के बाहरी स्वरूप को संवारने एवं वहां लगी ऐतिहासिक घड़ी चालू करने का कार्य होगा। इसके बाद राजमहल के महत्व को देखते हुए देश के प्रसिद्ध वास्तुविदों को संबद्ध कर सम्पूर्ण महलवाड़ा परिसर के सौंदर्यीकरण की योजना को मूर्त रूप दिया जाएगा।

3472E

[illegible] 13/1/22

## महलवाड़ा के मुख्य द्वार का होगा सौंदर्यीकरण

स्वदेश

रतलाम ● विधायक चेतन्य काश्यप ने महलवाड़े के मुख्य द्वार के सौंदर्यीकरण हेतु विधायक निधि से 25 लाख रूपए देने की घोषणा की है। इससे जल्द ही मुख्य द्वार का स्वरूप बदलने का कार्य आरंभ हो जाएगा।

स्वदेश 13/1/22

# नगर निगम के कचरा वाहन की चपेट में आने से एक बहन की मौत, दूसरी घायल

## मान के कार्यक्रम में छाया मातम

रतलाम। शहर के बिरियाखेड़ी मार्ग पर नगर निगम के कचरा वाहन की चपेट में आने से मान के कार्यक्रम के दूसरे दिन एक युवती की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसकी बहन घायल हो गई। हादसे से आक्रोशित क्षेत्रवासियों ने वाहन में तोड़फोड़ कर चक्काजाम कर दिया। मौके पर पहुँचे अधिकारियों से नगर निगम के वाहनों का बिरियाखेड़ी से आवागमन बंद करने और मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की। अधिकारियों से आश्वासन मिलने के बाद चक्काजाम समाप्त किया गया।

बिरियाखेड़ी निवासी मेघराज भूरिया के तीन वर्षीय पौत्र के मान के कार्यक्रम के दूसरे दिन जब घर के बाहर उसकी पुत्रियां सावित्री और सुमित्रा बाटी सेंक रही थी, तभी निगम का कचरा वाहन मौके से गुजरा। इस वाहन द्वारा सावित्री को टक्कर मारने पर उसके पैर पर चोट आई। सुमित्रा ने उसे बचाया। लेकिन तभी उसकी छोटी बहन 23 वर्षीय पूनम बाहर आई और वाहन रोकने के मकसद से उसे पकड़ लिया और लटक गई। चालक ने वाहन रोका नहीं और तेजी से चलाया, जिससे वह उसे घसीट कर ले गया और ब्रेक लगाने पर वह नीचे गिर गई। उसे गम्भीर हालत में तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई।

हादसे के बाद लोगों ने चक्काजाम कर दिया। उनका कहना था कि नगर निगम के वाहन चालक शराब के नशे में तेज गति से वाहन चलाते हैं। इससे दुर्घटना होती है। नगर निगम से कई बार मांग करने के बाद भी वाहनों का मार्ग बदला नहीं जा रहा है। चक्काजाम की सूचना पर मौके पर पहुंचे एसडीएम अभिषेक गौतम एवं सीएसपी हेमन्त चौहान ने उचित कार्यवाही का आश्वासन देकर चक्काजाम समाप्त कराया। औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी ओपी सिंह ने बताया कि पुलिस ने वाहन जप्त कर आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है एवं कलेक्टर ने आरोपी चालक को बर्खास्त कर दिया है।

उपग्रह 13/1/22

# युवती की मौत के मामले में वाहन चालक नौकरी से बर्खास्त

रतलाम, नप्र। शहर के बिरियाखेड़ी में नगर निगम के कचरा वाहन से हुई युवती की मौत के संबंध में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया है कि वाहन चालक को नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। उसके खिलाफ पुलिस थाने में कायमी भी की गई है। कलेक्टर ने बताया कि युवती की मौत के संबंध में शासन के नियमानुसार आर्थिक मदद प्रावधान के अनुसार की जाएगी।

बताते हैं कि वाहन चालक टक्कर मारने के बाद वहां से गाड़ी ले जा रहा था कि मृतिका ने हिम्मत से काम लेकर उसे रोकने की कोशिश की लेकिन वह गाड़ी को भगा ले गया था जिससे उसकी मौत हो गई।

प्रभातकिरण 12/1/22

## शासकीय कार्यों के लिये शासकीय ई-मेल आई.डी. के उपयोग के निर्देश

रतलाम। सामान्य प्रशासन विभाग ने शासन, शासकीय विभागों, शासकीय कार्यालयों द्वारा किये जाने वाले सभी पत्राचारों में जारीकर्ता अधिकारी का नाम, पदनाम, शासकीय दूरभाष एवं ई-मेल आई.डी. अंकित करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही सभी को शासकीय ई-मेल का ही उपयोग करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भी समीक्षा बैठक के दौरान शासकीय कार्यों के लिये शासकीय ई-मेल आई.डी का ही उपयोग करने को कहा है। इस संबंध में स्मरण-पत्र सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया है। नवभारत

नवभारत 13/1/22

## शासकीय कार्यों के लिये शासकीय ई-मेल आई.डी. के उपयोग के निर्देश

रतलाम। सामान्य प्रशासन विभाग ने शासन, शासकीय विभागों, शासकीय कार्यालयों द्वारा किये जाने वाले सभी पत्राचारों में जारीकर्ता अधिकारी का नाम, पदनाम, शासकीय दूरभाष एवं ई-मेल आई.डी. अंकित करने के निर्देश दिये है। साथ ही सभी को शासकीय ई-मेल का ही उपयोग करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी समीक्षा बैठक के दौरान शासकीय कार्यों के लिये शासकीय ई-मेल आई.डी का ही उपयोग करने को कहा है। इस संबंध में स्मरण-पत्र सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया है। इन्दौर

इन्दौरसमाचार 13/1/22

## शासकीय कार्यों के लिए शासकीय ई-मेल आई.डी. के उपयोग के निर्देश

रतलाम। सामान्य प्रशासन विभाग ने शासन, शासकीय विभागों, शासकीय कार्यालयों द्वारा किये जाने वाले सभी पत्राचारों में जारीकर्ता अधिकारी का नाम, पदनाम, शासकीय दूरभाष एवं ई-मेल आई.डी. अंकित करने के निर्देश दिये है। सभी को शासकीय ई-मेल का ही उपयोग करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी समीक्षा बैठक के दौरान शासकीय कार्यों के लिये शासकीय ई-मेल आई.डी का ही उपयोग करने को कहा है। इस संबंध में स्मरण-पत्र सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया है। प्रसारण

प्रसारण 13/1/22

# 'गंदे पानी और कचरे की शिकायत'

रतलाम, नप्र। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष पर जनसुनवाई में लोगों की समस्याओ के आवेदन पर सुनवाई की।

जनसुनवाई में कलेक्टर के अलावा अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिडे, डिप्टी कलेक्टर कृतिका भीमावद तथा मनीषा वास्कले ने मौजूद रहकर जनसुनवाई में आए कुल अड़तीस मामलों पर सुनवाई कर संबंधित विभाग को आवेदनों का निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।




आलोट तहसील के रीछा में रहने वाले सुरेन्द्रसिंह ने आवेदन में बताया कि वह दिव्यांग है और उसके पास खुद का ना कोई मकान हैं और नहीं जमीन है। उसके साथ उसकी बुजर्ग माताजी भी रहती थी। हालात भी काफी दयनीय है। प्रार्थी की समस्या को सुनवाई करते हुए से गांव में ही प्रधानमंत्री अथवा मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्रदान करने के लिए प्रकरण निराकरण के लिए सीईओ जनपद पंचायत आलोट को भेजा।

बाजना तहसील निवासी एता दामा ने जनपद शिक्षा केन्द्र बाजना में जनशिक्षक रहे पति कालूसिंह दामा की सड़क हादसे निधन होने के बाद आज दिनांक तक जनपद शिक्षा केन्द्र बाजना की ओर से अनुकंपा नियुक्ति, कर्मचारी बीमा राशि, अर्जित अवकाश, क्रमोन्नति राशि तथा एनएसडीएल में जमा राशि का भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत कर बताया कि इसके चलते परिवार का भरण-पोषण करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है।

वहीं 80 फीट रोड निवासी ब्रजराज सहाय सक्सेना ने बताया कि मेडिकल कालेज की ओर से आ रही पाइप लाइन उसके घर के सामने फूट जाने से गंदा पानी, कचरा तथा अन्य सामग्री उसके घर के बाहर जमा हो रही है जिससे प्रार्थी का घर से बाहर निकलना दूभर हो गया है। संबंधित संस्था से शिकायत की जाने पर कहा जाता है कि हमारी कोई जवाबदारी नहीं है। क्षेत्र में गंदगी हो जाने पर मच्छरों का प्रकोप बना हुआ है। प्रकरण निराकरण के लिए नगर निगम को भेजा गया है।

प्रभातकिरण 12/1/22